Saturday, 02 July, 1977

लोक-सभा वाद-विवाद
का
संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION
OF
6th
LOK SABHA DEBATES

[दूसरा सत्र
Second Session]

Fumigated On 18-9-92
Parliament Library

सत्यमेव जयते

[खंड 3 में अंक 11 से 20 तक हैं
Vol. III contains Nos. 11 to 20]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

: चार रुपये

Price : *Four Rupees*

विषय सूची CONTENTS

अंक 19, शनिवार, 2 जुलाई, 1977/11 आषाढ, 1899 (शक)

No. 19 *Satuday, July* 2, 1977/*Assadha* 11, 1899 (*Saka*)

विषय	SUBJECT	पृष्ठ PAGES
सभा पटल पर रखे गये पत्र	Papers Laid on the Table .	1-2
अविलम्बनीय लोकमहत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना	Calling Attention to Matter of Urgent Public Importance—	2—5
मारुति लिमिटेड से संबंधित दस्तावेजों का गायब होना—	Reported disappearance of documents relating to Maruti Limited.—	
श्री ज्योतिर्मय बसु	Shri Jyotirmoy Basu . . .	2, 3, 4, 5
श्री एच० एम० पटेल	Shri H. M. Patel .	2, 3, 4, 5
1 जुलाई, 1977 को पालम हवाई अड्डे पर श्री संजय गांधी और उनकी पत्नी से संबंधित कथित घटना के बारे में वक्तव्य—	Statement re. Alleged Incident at Palam Airport on 1-7-77 relating to Shri Sanjay Gandhi and his wife—	6-7
श्री वसंत साठे	Shri Vasant Sathe	5
श्री चरण सिंह	Shri Charan Singh	6
नक्सलवादी लड़कियों को फांसी दिये जाने के बारे में	Re. Execution of Naxalite Girls	7-8
अनुदानों की मांगें—1977-78	Demands for Grants, 1977-78 .	8—35
कृषि और सिंचाई मंत्रालय	Ministry of Agriculture and Irrigation .	
श्री रघुनाथ सिंह वर्मा	Shri Raghunath Singh Verma .	9
श्री डी० बी० पाटिल	Shri D.B. Patil .	9-10
डा० सरोजिनी महिषी	Dr. Sarojini Mahishi	10-11
प्रो० शेर सिंह	Prof. Sher Singh .	11-12
श्री श्रीकृष्ण सिंह	Shri Shrikrishna Singh .	12
श्री अण्णासाहिब गोटखिंडे	Shri Annasaheb Gotkhinde	12-13
श्री अम्बिका प्रसाद पांडे	Shri Ambika Prasad Pandey .	13-14
श्री ए० अशोकराज	Shri A. Asokaraj .	14-15
श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा	Shri Sukhdev Prasad Verma .	16
श्री अमर राय प्रधान	Shri Amar Roy Pradhan .	16-17
श्री एन० कुदन्तई रामलिंगम	Shri N. Kudanthai Ramalingam	17-18

श्री राम लाल राही	Shri Ram Lal Rahi	18-19
श्री चन्द्रशेखर सिंह	Shri Chandra Shekhar Singh	19-20
श्री पी० राजगोपाल नायडु	Shri P. Rajgopal Naidu	20-21
श्री लारंग साय	Shri L. Sai	21-22
श्री पूर्ण सिंहा	Shri Purna Sinha	22-23
श्री पायस टिर्की	shri Pius Tirkey	23
श्री के० टी० कोसलराम	Shri K.T. Kosalram	23-24
श्री चंदन सिंह	Shri Chandan Singh	24
श्री बीरेन्द्र प्रसाद	Shri Birendra Prasad	24
श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह	Shri Ravindra Pratap Singh	24-25
श्री समर गुह	Shri Samar Guha	25-26
श्री जी० नरसिम्हा रेडडी	Shri G. Narsimha Reddy	26-27
चौ० बलवीर सिंह	Chowdhry Balbir Singh	27-28
श्री गौरी शंकर राय	Shri Gauri Shankar Rai	28
श्री सोनू सिंह पाटिल	Shri Sonu Singh Patil	28—30
श्री एस० जगन्नाथन	Shri S. Jagannathan	30-31
श्री भारत भूषण	Shri Bharat Bhushan	31
श्री एच० एल० पी० सिन्हा	Shri H.L.P. Sinha	31
श्री बी० राचैया	Shri B. Rachaiah	31—33
चो० राम गोपाल सिंह	Choudhary Ram Gopal Singh	33
श्री हरिकेष बहादुर	Shri Harikesh Bahadur	33
श्री श्याम प्रसन्ना भट्टाचार्य	Shri Shyamaprasanna Bhattacharyya	33-34
श्री राम कंवर बेरवा	Shri Ram Kanwar Berwa	34
श्री वी० के० चन्द्र एस० देव	Shri V. K. Chandra S. Deo	34·35

लोक-सभा

LOK SABHA

शनिवार, 2 जुलाई, 1977/11 आषाढ, 1899 (शक)

Saturday, July 2, 1977, Asadha 11, 1899 (Saka)

लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

(अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
MR. SPEAKER *in the Chair*)

सभा पटल पर रखे गये पत्र
PAPERS LAID ON THE TABLE

गृह-मंत्रालय के अनुदानों की विस्तृत मांगें

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह): मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं।

वर्ष 1977–78 के लिये गृह मंत्रालय के अनुदानों की विस्तृत मांगों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति [ग्रन्थालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल० टी० 578/77]

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुदानों की विस्तृत मांगें

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री एच० एन० बहुगुणा) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :–

वर्ष, 1977–78 के लिये पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुदानों की विस्तृत मांगों (हिन्दी तथा अंग्रेजी सस्करण) की एक प्रति। [ग्रन्थालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल० टी० 579/77]

वर्ष, 1977–78 के लिये रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अनुदानों की विस्तृत मांगों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। [ग्रन्थालय में रखे गये। **देखिए** संख्या एल० टी० 580/77]

भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का वर्ष 1975–76 का प्रतिवेदन, संघ सरकार, (रक्षा सेवायें) तथा रक्षा सेवाओं के वर्ष 1975–76 के विनियोग लेखे

वित्त तथा राजस्व और बैंककारी मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) संविधान के अनुच्छेद 151 (1) के अन्तर्गत, भारत के नियंत्रक–महालेखा परीक्षक के वर्ष 1975–76 के प्रतिवेदन, संघ सरकार (रक्षा सेवायें) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। [ग्रन्थालय में रखा गया। **देखिए** संख्या एल० टी० 581/77]

[श्री एच० एम० पटेल]

(2) रक्षा सेवाओं के वर्ष, 1975–76 के विनियोग लेखे तथा तत्सम्बन्धी वाणिज्यक परिशिष्ट (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। [ग्रन्थालय में रखे गये [देखिए संख्या एल० टी० 582/77]

केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944, सीमाशुल्क अधिनियम, 1962, सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत अधिसूचनायें तथा विवरण

वित्त तथा राजस्व और बैंककारी मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत जारी की गयी अधिसूचना संख्य 208/77–सी ई (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 2 जुलाई, 1977 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(2) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अंतर्गत अधिसूचना संख्या 101/77–सीमा शुल्क, से 115/77–सीमा शुल्क, 117/77–सीमा शुल्क से 119/77–सीमा शुल्क और 124/77–सीमा शुल्क (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक एक प्रति, जो दिनांक 1 जुलाई, 1977 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी।

(3) सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 4 की उपधारा (5) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या 98/77–सीमा शुल्क, से 100/77–सीमा शुल्क और 116/77 सीमा शुल्क (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक एक प्रति, जो दिनांक 1 जुलाई, 1977 के भारत के राजपत्र मे प्रकाशित हुई थी।

(4) उपर्युक्त मद (2) और (3) में उल्लिखित अधिसूचनाओं के संबंध में एक व्याख्यात्मक ज्ञापन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) [ग्रन्थालय में रखे गये। देखिए संख्या एल० टी० 582/77]

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

मारुति लिमिटेड से सम्बन्धित दस्तावेजों का गायब हो जाना

श्री ज्योतिर्मय बसु : मैं सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, नई दिल्ली, क्षेत्रीय कार्यालय से मारुति लिमिटेड से सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण कागजात तथा दस्तावेज के गायब हो जाने और इस जानकारी को तीन वर्षों तक छुपाये रखने के समाचार की ओर वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री का ध्यान दिलाता हूं

वित्त तथा राजस्व और बैंककारी मंत्री (श्री एच० एम० पटेल): सैंट्रल बैंक आफ इंडिया ने सूचना दी है कि एक फाइल जिसमें मारुति लिमिटेड के खाते से सम्बन्धित दिसम्बर, 1971 से जनवरी, 1974 तक हुआ पत्र व्यवहार, और अन्य कागजात थे, बैंक के नई दिल्ली, स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से

गायब हैं। बैंक ने बताया है कि इस फाइल के गायब होने का पता क्षेत्रीय कार्यालय को मई, 1974 में ही लग गया था, परन्तु केन्द्रीय कार्यालय को इसकी सूचना मई, 1977 में दी गई। बैंक ने यह भी बताया कि चूंकि लगभग सभी प्रस्तावों तथा लेन-देन का हवाला या स्वीकृति की सूचना इसके दिल्ली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा केन्द्रीय कार्यालय बम्बई को दी गई थी, अतः बहुत से सम्बन्धित कागजातों की प्रतियां या तो शाखा या फिर केन्द्रीय कार्यालय में उपलब्ध हैं। सैन्ट्रल बैंक आफ इंडिया ने यह भी सूचना दी है कि बैंक के देयों की वसूली के लिए आवश्यक सभी प्रतिभूति प्रलेखों अथवा मंजूरी देने वाले अधिकारी की पहचान के लिए आवश्यक स्वीकृति पत्रों जैसे कोई महत्वपूर्ण कागजात गायब नहीं हुए हैं। बैंक के मुख्य आंतरिक लेखापरीक्षक से कहा गया है कि इस फाइल को फिर से तैयार करने की दृष्टि से इस मामले की जांच करें। सैंट्रल बैंक आफ इंडिया ने यह भी सूचित किया है कि बैंक के केन्द्रीय कार्यालय ने इस मामले की जांच का आदेश दे दिया है।

श्री ज्योतिर्मय बसु : माननीय गृह मंत्री ने कुछ दिन पहले कहा था कि श्री संजय गांधी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। मैं अपनी जिम्मेदारी पर कहता हूं कि यह वक्तव्य गलत है कि फाइल 1974 में गुम हुई थी। मुझे बैंक के एक बड़े अधिकारी से निश्चित जानकारी प्राप्त हुई हैं कि फाइल श्री संजय गांधी ने श्री के० एल० कालरा नामक एक बैंक अधिकारी की मदद से गायब की थी। वास्तव में श्री कालरा श्री संजय गांधी के विशेष प्रतिनिध के रूप में कार्य करते थे। इसलिए उनका दो बार हुआ तबादला श्री संजय गांधी के हुकम से रद्द कर दिया गया था, हालांकि अब उन उनका तबादला हैदराबाद कर दिया गया है। क्या माननीय मंत्री इस बात की जांच करके वक्तव्य देंगे ?

बैंक का क्षेत्रीय कार्यालय 1976 में पार्लियामेंट स्ट्रीट से लिंक हाउस ले जाया गया था। क्या उस समय दस्तावेज की जो सूची तैयार की गई थी, उसमें मारुति सम्बन्धी फाइल का उल्लेख है। इससे पता चल जायेगा कि यह चोरी 1974 में की गई अथवा 1976 में। हो सकता है कि सूची में इस फाइल का उल्लेख हो, परन्तु यह एक और चार सौ बीसी थी, जो श्री संजय गांधी ने श्री कालरा से मिल कर की। माननीय मंत्री हमें बतायें कि उस फाइल को पुनः किस प्रकार बनाया जायेगा ? उस फाइल पर चिटें और सिल्पें थीं, जिन पर श्री संजय गांधी और भूतपूर्व प्रधान मंत्री के हाथ से लिखी हुई छोटी-छोटी टिप्पणियां थीं। क्या बम्बई में भी उन चिटों की प्रतिलिपियां हैं ? नहीं हैं। इस लिए उस फाइल को दोबारा नहीं बनाया जा सकता।

एक और मजाक देखिए। कालरा का मई, 1977 में हैदराबाद का तबादला किया गया और इस फाइल के गुम होने की सूचना भी मई, 1977 में ही दी गई। इस से पहले नहीं।

नेशनल हेरल्ड ने जमा से अधिक पूंजी निकला ली। श्री संजय गांधी 30 करोड़ रुपये की राशि चाहते थे, बैंक की टीम जिसमें बैंक के मैनेजर श्री तनेजा भी थे, गुड़गांव गयी। वहां कुछ मशीनों के सिवाय कुछ भी नहीं था। प्रार्थना पत्र अस्वीकार कर दिया गया। फिर संजय गांधी ने मारुति तकनीकी परामर्शदात्री सेवा के लिए 25 करोड़ की मांग की। जब मैनेजर ने यह राशि नहीं दी, तो उसे तत्कालीन प्रधान मंत्री ने 1, सफदरजंग रोड पर बुलाया और खुब झाड़ पिलाई। यदि आप उस व्यक्ति को दक्ष समझें तो पुनः रख सकते हैं अन्यथा नहीं। मैं उसकी सिफारिश नहीं करता।

अध्यक्ष महोदय : प्रधानमंत्री एक व्यवस्था का प्रश्न उठा रहे हैं।

प्रधान मंत्री (श्री मोरार जी देसाई) : ध्यान आकर्षण प्रस्ताव गुम हुए पत्रों के बारे में है। अब मारुति लिमिटेड की सारी कहानी की जा रही है। मैं नहीं समझता कि ये सब बातें तर्कसंगत हैं। यही मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। मेरा निवेदन है कि कृपया आप इसका निर्णय करें।

अध्यक्ष महोदय : मेरा आप से अनुरोध है कि आप वे बातें न उठायें, जो फाइल से सम्बन्धित नहीं हैं।

श्री ज्योतिर्मय बसु : महोदय श्री संजय गांधी के साथ सैंट्रल बैंक आफ इण्डिया के एक अधिकारी की सांठगांठ से बैंक के परिसर से फाइल चुराई, गई।

अध्यक्ष महोदय : आप प्रश्न पूछिए।

श्री ज्योतिर्मय बसु : क्या वित्त मंत्री को इस बात की जानकारी है कि फाइल बैंक के एक अधिकारी श्री के० एल० कालरा और संजय गांधी की सांठ गांठ से चुराई गई और क्या इसे उस समय जब बैंक के कार्यालय को पार्लियामेंट स्ट्रीट से लिंक हाउस में ले जाया गया, सूची में दिखाया गया था और क्या श्री कालरा का मई में हैदराबाद का तबादला किया गया ?

श्री एच० एम० पटेल : महोदय, मैं अपना वक्तव्य केवल गुमशुदा फाइल तक ही सीमित रखूंगा। जैसा कि मैंने पहले कहा है इस तथ्य की जानकारी मई, 1974 में हुई थी कि फाइल गायब है। फाइल से सम्बन्धित वे कागजात जिन्हें मुख्य कार्यालय में भेजा जाता था, मुख्य कार्यालय में मौजूद हैं और इसलिए फाइल को पुनः बनाया जा सकता है।

श्री ज्योतिर्मय बसु : चैक और चिटें कहां से आयेंगी ?

श्री एच० एम० पटेल : वस्तुतः चैक और चिटें तो नहीं मिल सकतीं। यह कहा जा सकता है कि ऋण मंजूर करने में क्षेत्रीय कार्यालय में जो टिप्पणियां की गईं, वे मौजूद नहीं हैं। फाइल में वे अंश नहीं होंगे। फाइल पुनः बनाने से मेरा अभिप्राय यह है कि ऋण सम्बन्धी कुछ कागजात, मंजूरी सम्बन्धी कुछ कागजात तथा अदायगी सम्बन्धी कुछ कागजात मौजूद हैं। उन्हें केन्द्रीय कार्यालय से अथवा शाखा कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

वह फाइल एक ऋण तथा एक गारंटी से सम्बन्धित है। उस ऋण की अदायगी की जा चुकी है तथा गारंटी समाप्त हो गई है। यह सच है कि फाइल गायब है, लेकिन उसका मारुति लिमिटेड की ओर अन्य बकाया राशि से कोई सम्बन्ध नहीं है। मारुति लिमिटेड की तरफ बैंक का 21 लाख कुछ रुपया बकाया है जो कि मशीनों के एवज में दिया गया है। इसलिए बैंक को इस फाइल के खो जाने से कोई हानि नहीं हुई। उन्होंने पूछा है कि क्या इस फाइल को उन कागजात की सूची में दिखाया गया था, जो बैंक का कार्यालय बदलते समय तैयार की गई थी। मैं ने कहा है कि इस बात का पता मई, 1974 में चल गया था कि फाइल गायब है। इस से अधिक मैं कुछ नहीं कह सकता। जहां तक श्री कालरा का सम्बन्ध है यह सच है कि उसका हाल में दो महीने पहले हैदराबाद का तबादला किया गया है। वह क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी थे। मेरे पास इतनी ही जानकारी है। उनकी किसी के साथ सांठगांठ थी, मैं कुछ नहीं कह सकता।

श्री ज्योतिर्मय बसु : उन्होंने इस बात का स्पष्टीकरण नहीं दिया कि जो फाइल मई, 1974 से गायब थी उसके बारे में 1977 तक सूचना क्यों नहीं दी गई।

श्री एच० एम० पटेल : मैंने उत्तर दे दिया है इस समय जो कुछ मैंने कहा है, उससे ज्यादा नहीं कहा जा सकता। जांच चल रही है।

अध्यक्ष महोदय : श्री मनीराम बागड़ी नहीं हैं। श्री युवराज नहीं हैं। श्री अन्नत देव नहीं हैं। अब हम अगली मद लेते हैं, श्री साठे।

श्री वसन्त साठे : मैं गृह मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कल जो दुखद घटना हुई है उस का स्पष्टीकरण दें। मैं सर्वप्रथम यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं उन मामलों में जिनके बारे में जांच आयोग गठित किये जा चुके हैं श्री संजय गांधी तथा किसी और की वकालत नहीं कर रहा हूं। परन्तु जहां तक मुझे जानकारी है श्री संजय गांधी की अग्रिम जमानतों में यह कोई शर्त नहीं है कि वह दिल्ली से बाहर न जायें। माननीय गृह मंत्री इसका स्पष्टीकरण दे सकते हैं। यदि ऐसी कोई शर्त नहीं है तो किसी अन्य नागरिक की भांति श्री संजय गांधी भी जहां चाहें, जा सकते हैं। परन्तु दुर्भाग्यवश कल किसी अधिकारी द्वारा श्री संजय गांधी और उनकी पत्नी को रोका गया उन्होंने जब यह पूछा कि उन्हें क्यों रोका जा रहा है, तो बताया गया कि इस बारे में समुचित अधिकारी उन्हें बतायेगा। वे वहां प्रतीक्षा करते रहे। जब उन्होंने अपने वकील से फोन करने की अनुमति मांगी तो उन्हें अनुमति नहीं दी गई। श्री संजय गांधी ने जो रिपोर्ट लिखाई है, उसमें यह बात दर्ज है। क्या सरकार का कोई निदेश अथवा आदेश था कि श्री संजय गांधी तथा श्रीमती मेनका गांधी को दिल्ली से बाहर न जाने दिया जाये ?

श्री ज्योतिर्मय बसु : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। उन्होंने कल नियम 377 के अधीन एक मामले की लिखित सूचना दी थी और आपने विनिर्णय दिया था कि वह मामला उठा सकेंगे और मंत्री महोदय उत्तर देंगे। क्या ये सब बातें जो वह इस समय कह रहे हैं, लिखित सूचना में थी ?

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य ने जो बातें कही हैं वे पूर्व सूचना में नहीं थी। मैंने उन्हें नियम 377 के अधीन मामला उठाने की अनुमति दे दी थी। अब गृह मंत्री स्वयं वक्तव्य देना चाहते हैं चूंकि कल मैंने उन्हें मामला उठाने की अनुमति का वचन दिया था इस लिए मामला उठाने की अनुमति दे रहा हूं। अब वह अपना प्रश्न उठायें।

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : मैं माननीय सदस्य के बीच में बोलना नहीं चाहता। मैं केवल यह जानना चाहता हूं कि क्या ऐसे मामलों में, ध्यान आकर्षण के मामलों में भी ऐसे स्पष्टीकरण जरूरी हैं जिनमें सभा का इतना समय लग जाता है। मैं आप से मार्गदर्शन चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : मार्गदर्शन स्पष्ट है। नियम के अन्तर्गत मंत्री द्वारा वक्तव्य दिये जाने के बाद सदस्य स्पष्टीकरण मांग सकते हैं, परन्तु स्पष्टीकरण के नाम में बहुत अधिक समय लिया जाता है। यदि सभा मेरी सहायता करें, तो मैं सभा में नियंत्रण कर सकता हूं। इससे सभा का काफी समय बचेगा।

श्री एच० एम० पटेल : आपने ध्यान आकर्षण के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है। श्री साठे ने नियम 377 के अधीन मामला उठाया है। अतः उन्हें भाषण न देकर केवल वही मुद्दा उठाना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : श्री साठे जब कल हवाई अड्डे से वापस आये तो वह इतने उत्तेजित थे कि कोई अत्यन्त गम्भीर बात हो गई है। श्री साठे अपनी बात पूरी करें ताकि गृह मंत्री अपना वक्तव्य दे सकें।

श्री वसन्त साठे : गृह मंत्री अपना वक्तव्य दें।

1 जुलाई, 1977 को पालम हवाई अड्डे पर श्री संजय गांधी और उनकी पत्नी से संबंधित कथित घटना के बारे में वक्तव्य

STATEMENT RE : ALLEGED INCIDENT AT PALAM AIRPORT ON 1-7-77 RELATING TO SHRI SANJAY GANDHI AND HIS WIFE

गृह मंत्री (श्री चरण सिंह) : कल श्री बसन्त साठे ने पालम हवाई अड्डे पर श्री संजय गांधी तथा उनकी पत्नी से सम्बन्धित कथित घटना का मामला सदन में उठाने की अनुमति मांगी थी और आपने मुझ से इस विषय में तथ्य मालूम करने के बाद एक वक्तव्य देने के लिए इच्छा व्यक्त की थी ।

2. श्री संजय गांधी और उनकी पत्नी श्रीमती मेनका गांधी ने इंडियन एयर लाइन्स की फ्लाइट नं० 182 जिसे कल प्रातः 9.25 बजे बम्बई को रवाना होना था, में आरक्षण कराया था । उन्होंने दिल्ली हवाई अड्डे पर सिक्युरिटी काउंटर पर प्रातः 9 बजे से कुछ पहले सूचना दी और उनकी सामान्य जांच की गई । चूंकि श्री संजय गांधी अपना पासपोर्ट जब्त किये जाने तथा पाइलट लाइसेंस समाप्त किये जाने के बाद पहली बार दिल्ली हवाई अड्डे से यात्रा कर रहे थे अतः सिक्युरिटी काउंटर पर कार्यभारी निरीक्षक ने इस मामले को ड्यूटी पर अपने वरिष्ठ अधिकारी पुलिस उप-अधीक्षक के ध्यान में लाना उचित समझा । श्री संजय गांधी तथा श्रीमती मेनका गांधी से ड्यूटी पर सुरक्षा कर्मचारियों ने हवाई जहाज पर चढ़ने से पहले कुछ समय प्रतीक्षा करने के लिए कहा । अपने वरिष्ठ अधिकारियों से परामर्श करने के बाद सुरक्षा कर्मचारियों ने श्री संजय गांधी तथा श्रीमती मेनका गांधी को करीब 15 मिनट बाद सूचित किया कि हवाई जहाज पर चढ़ सकते हैं । हवाई जहाज में यात्रियों का चढ़ना अभी जारी था और उसने उड़ान नहीं भरी थी । लेकिन श्री संजय गांधी तथा श्रीमती मेनका गांधी ने फ्लाइट से जाने से इन्कार कर दिया । हवाई जहाज प्रातः 9.40 बजे चला गया । श्री संजय गांधी ने हवाई जहाज पर चढ़ने के बजाय अपने कानूनी सलाहकारों तथा अपने कुछ मित्रों को बुलाया तथा उनकी सहायता से एक शिकायत तैयार की और उसे ड्यूटी पर पुलिस उप-अधीक्षक को दे दिया ।

3. सुरक्षा कर्मचारियों को सन्देह होने पर किसी यात्री को विलम्ब से जाने के लिए अनुमति देने का पूरा अधिकार है । मुझे सूचित किया गया है कि श्री संजय गांधी तथा श्रीमती मेनका गांधी को केवल थोड़ी देर प्रतीक्षा करने की असुविधा के अलावा और किसी तरह से परेशान नहीं किया गया ।

श्री श्यामनन्दन मिश्र : कल श्री साठे ने नियम 377 के अधीन मामला उठाना चाहा था और आपने कहा था कि गृह मंत्री इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य देंगे । मेरा व्यवस्था का पहला प्रश्न यह है । गत सत्र में जब मैंने नियम 377 के अधीन मामला उठाया था और माननीय विधि मंत्री जब वक्तव्य देने वाले थे तो दूसरी ओर से काफी हंगामा मचा था और आपने मंत्री महोदय को वक्तव्य देने की अनुमति नहीं दी थी । अब माननीय गृह मंत्री ने आपके कहने पर एक वक्तव्य दिया है । क्या आपका यह आदेश पिछले पीठासीन अधिकारी के आदेश के अनुरूप है ?

मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या किसी प्राइवेट नागरिक के साथ ऐसी घटना घटित होने पर आप किसी सदस्य को मामला उठाने की अनुमति देंगे ?

मेरा तीसरा प्रश्न यह है कि क्या आप गृह मंत्री को ऐसा वक्तव्य देने की अनुमति देंगे क्योंकि यह सदस्यों के अधिकारों से सम्बन्धित है ?

अध्यक्ष महोदय : मामले को और आगे न बढ़ाया जाये । कल विरोधी पक्ष के नेता की अनुमति से यह पत्र मेरे पास भेजा गया और उन्हीं की सहायता से मैंने इसे आज के लिये स्थगित किया था । आज भी जो पत्र मुझे मिले मैंने सम्बन्धित मंत्रियों को भेज दिये हैं । उन्होंने उत्तर दिया है कि वे उनके उत्तर देने की स्थिति में नहीं है । इसका अर्थ यह नहीं कि वे उनके उत्तर तुरन्त दें । कोई भी मंत्री महोदय को उत्तर देने के लिये मजबूर नहीं कर सकता । यदि माननीय मंत्री के पास जानकारी नहीं है तो वह इन्कार कर सकते हैं । माननीय गृह मंत्री को जानकारी मिल गई और उन्होंने उत्तर दे दिया । यह आवश्यक नहीं कि मंत्री उत्तर अवश्य दें ।

श्री ज्योतिमर्य बसु : लोग देश से बाहर निकल भाग रहे हैं । श्री कमल नाथ देश से भागने का प्रयास कर रहे हैं। श्री चावला हवाई जहाज पर चढ़ते समय पकड़े गये । श्री संजय भी भागने का प्रयास कर रहे हैं । सी० आई० ए० इसकी व्यवस्था कर रहा है । मैं जानना चाहता हूं कि क्या पर्याप्त सावधानी बरती जा रही है ताकि लोकतंत्र विरोधी समाज विरोधी और भ्रष्ट लोग देश छोड़ कर न भाग सकें । मैं इस सम्बन्ध मे एक स्पष्ट वक्तव्य चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : यदि मंत्री महोदय इस सम्बन्ध में कोई वक्तव्य देते हैं, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं ।

नक्सलवादी लड़कियों को फांसी दिए जाने के बारे में

RE-EXECUTION OF NAXALITE GIRLS

श्री समर गुह : 18 वर्ष की एक लड़की को 18 जुलाई को फांसी दी जाने वाली है । मैंने इस सम्बन्ध में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव की सूचना दी है । मैंने नियम 377 के अधीन भी सूचना दी है । श्रीमती रेनु मुखर्जी और मोहिना धाक को फांसी होने वाली है और समूचे पश्चिम बंगाल के लोगों में इस बारे में रोष है । कृपया मुझे इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य देने की अनुमति दी जाये।

अध्यक्ष महोदय : इस सम्बन्ध में मैंने आज समाचार पत्रों में पढ़ा है । आज सुबह मुझे एक सूचना प्राप्त हुई है । यह गम्भीर बात है । परन्तु मुझे इसकी जांच करनी होगी। पश्चिम बंगाल सरकार भी मामले पर विचार कर रही है । कहा गया है कि मंत्री जेल में जाकर उनसे मिले हैं । वह मुख्य मंत्री से परामर्श कर रहे हैं । राज्य सरकार को निर्णय लेना है । मुख्य मंत्री की सहमति तथा आज्ञा के बिना किसी व्यक्ति या औरत को फांसी

[अध्यक्ष महोदय]

नहीं लगाई जा सकती । माननीय सदस्य ने आज 10.30 बजे नोटिस दिया । और आज ही वह मामला उठाना चाहते हैं । माननीय सदस्य मुझे समय दें । गृह मंत्री को वक्तव्य देने के लिये कुछ समय दिया जाना चाहिये ।

श्री समर गुह : गत 5 वर्षों में यह परम्परा रही है कि जब कभी ध्यान आकर्षण प्रस्ताव की सूचना या नियम 377 के अधीन सूचना दी जाती है तो सदस्यों को बताया जाता है कि सूचना गृहीत की गई है या नहीं । मुझे इस बारे में सूचना नहीं मिली है ।

अध्यक्ष महोदय : आप 10.30 बजे सूचना देकर 10.45 बजे उत्तर चाहते हैं, ऐसा सम्भव नहीं है । गृहित किये जाने या न किये जाने के बारे में सूचना सचिवालय द्वारा दी जायेगी ।

श्री समर गुह : मैं चाहता हूं कि मुझे इस बारे में सूचना दी जाये ।

अध्यक्ष महोदय : मैं इस पर विचार करूंगा और यदि इसे गृहीत नहीं किया गया तो आपको सूचना दी जायेगी । गृह मंत्री वहां की सरकार से फोन पर बात करेंगे । वह उन्हें बचाने का कोई रास्ता ढूढ़ेंगे । सोमवार या मंगलवार को ऐसा करना सम्भव होगा । 18 तारीख से पहले सारी कार्यवाही की जायेगी ।

श्री समर गुह : मैं इस बारे में चिन्तित हूं क्योंकि यह एक 18 वर्षीय लड़की के जीवन मृत्यु का प्रश्न है । जब तक हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा तब तक मृत्यु दण्ड को आजीवन कारावास में नहीं बदला जा सकेगा । 18 जुलाई अन्तिम तारीख है । राज्य सरकार को ऐसा करने का अधिकार नहीं है । यह केवल राष्ट्रपति ही कर सकते हैं । कोई मंत्री, या मुख्य मंत्री या गृह मंत्री ऐसा नहीं कर सकते ।

अनुदानों की मांगें—1977-78
DEMANDS FOR GRANTS 1977-78
कृषि और सिंचाई मंत्रालय

अध्यक्ष महोदय : यद्यपि हम इस मंत्रालय की मांगों पर निर्धारित समय से अधिक समय लगा चुके हैं, फिर भी सदस्यों की मांग है कि कुछ समय और दिया जाये। मुझे इसके लिए समय बढ़ाने में कोई आपत्ति नहीं है किन्तु आप लोगों को किसी अन्य मंत्रालय की मांगों पर चर्चा करने के लिए कुछ कम समय मिलेगा । ऐसी स्थिति में मंत्री जी वाद विवाद का उत्तर सोमवार को देंगे ।

मेरा आप लोगों से एक अनुरोध है कि आप नए सदस्यों को अपना प्रथम भाषण करने का अवसर दें क्योंकि प्रत्येक सदस्य के निर्वाचन की इस सम्बन्ध में कुछ न कुछ समस्याएं होंगी ।

श्री पी० जी० मावलंकर (अहमदाबाद) : श्रीमान आपने कहा है कि समूची सभा ने मांग की है कि कृषि और सिंचाई मंत्रालय की मांगों पर चर्चा करने के लिए समय बढ़ा

दिया जाये। सरकार ने पहले इन मांगों पर चर्चा करने के क्रम को बदला। पहले विदेश मंत्रालय की मांगों पर चर्चा होनी थी, किन्तु क्रम में परिवर्तन कर दिया गया। मैं देखता हूं कि रोज ही मांगों पर चर्चा करने का समय दो या तीन घंटे बढ़ा दिया जाता है। कार्य सूची में इस तरह परिवर्तन करने से हम अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने निर्वाचन क्षेत्रों या किसी सार्वजनिक सभा में नहीं जा पाते। अब तो कई मंत्रालयों की मांगें एक साथ स्वीकृत करनी पड़ेंगी। मेरा अनुरोध है कि इस मंत्रालय के अलावा अन्य किसी मंत्रालय की मांगों पर चर्चा करने का समय नहीं बढ़ाया जाना चाहिए ?

अध्यक्ष महोदय : यह काम कार्यमंत्रणा समिति का है।

Shri Raghunath Singh Verma (Mainpuri) **:** The fact that this year 30 per cent budget is going to be spent on agriculture and irrigation is something very welcome, Ours is an agricultural country where 75 per cent people depend on agriculture for their livelihood. But it is regrettable that our natural resources are not being properly utilised. Even to this day 25-30 per cent of our land is being irrigated. This is the position in all the States except Haryana and Punjab. In our country irrigation is mainly done from rivers, tanks and canals. Our rivers overflow with water during the rainy season and often create floods. If big dams are constructed on the rivers not only water would be available for irrigation but the loss caused by floods would also be prevented.

As regards supply of electricity to the farmers, it is not being supplied on minimum guarantee basis. For want of electricity thrashing of wheet cannot be done in many places. So more power should be supplied to the farmers. It would be better if the factories are supplied power during the night and the farmers get it during the day.

If the ravines of Yamuna, Chambal and Sengar rivers are levelled enough cultivable land can be distributed to the landless persons.

In Mainpuri district of Uttar Pradesh there are vast barren lands which can be made cultivable with Central assistance and then thousands of families can be settled on it.

It is necessary that Agriculture is recognised as an industry. So long as this is not done no real progress can be made in agriculture.

In order to protect agriculture from natural calamities, it is necessary to have crop insurance. This is done in most of the foreign countries. We should also make a beginning in this regard.

In my area the entire crop has been destroyed by a severe hailstorm and the farmers are in great trouble. Some relief must be given to them by the Centre as well as the State Government.

There is need to encourage animal husbandry which is the subsidiary vocation of the farmers. Some financial assistance should be given to the farmers so that they could keep cattle.

In Mainpuri districts of Uttar Pradesh the water is so saline that if it is used in irrigation the seeds do not grow. So arrangements for sweet water should be made there.

Although there are three or four canals in Mainpuri district, the people there do not get any water from them for irrigation. The Central Government should ask the State Government to give sufficient water to that district from the proposed Ramganga Project.

श्री डी० बी० पाटिल (कोलाबा) : कृषि और सिंचाई को महत्व देने और उसके लिए अधिक धन की व्यवस्था करने के लिए जनता सरकार को बधाई दी जानी चाहिए।

कृषि में बरानी खेती को अधिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। ऐसा किए बिना हम कृषि अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं कर सकते। हमें अपने देश में खाद्यान्नों का अधिकाधिक उत्पादन करके स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करना चाहिये।

[श्री डी० बी० पटिल]

किसानों को लाभकारी मूल्य दिए जाने पर विशेष बल दिया जाना चाहिए, क्योंकि इसके अभाव में उसे अधिक उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहन नहीं मिलेगा और वह अधिकाधिक उत्पादन करने में रुचि नहीं रखेगा । सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए ।

भूमि सुधार कानूनों को अच्छी प्रकार लागू नहीं किया जा रहा है । कांग्रेस सरकार ने अपने शासन के दौरान जो कानून बनाए थे वे संतोषजनक नहीं हैं । इस सरकार की नीति तो मात्र इतनी ही है कि पिछली सरकार ने जो कानून बनाए हैं, उन्हें लागू किया जाये ।

महाराष्ट्र में सिंचित भूमि की अधिकतम सीमा 18 एकड़ रखी गई है । देश में भूमि की कमी को देखते हुए भारत में 10 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि की सीमा निश्चित करना उचित नहीं है । भूमि के समान वितरण करने पर ही खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ सकता है ।

देश के लाखों गांवों में पीने का पानी भी नहीं है । महाराष्ट्र में ही ऐसे 19,000 गांव हैं । सरकार को इस ओर गम्भीरता से ध्यान देना चाहिए और इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए ।

महाराष्ट्र में 720 किलोमीटर समुद्रीय तट है । और इस कारण वहां भूमि का अत्यधिक कटाव होता है । इस कटाव के कारण अनेकों गांव और कस्बे नष्ट हो गए हैं । इस समस्या को हल करने के लिए धन की व्यवस्था की जानी चाहिए और तत्काल कुछ ठोस उपाय किए जाने चाहिएं ।

महाराष्ट्र में कर वसूली एकाधिकार के रूप में की जाती हैं । केन्द्र इस सम्बन्ध में राज्य सरकार को रिजर्व बैंक द्वारा मदद करने की अनुमति देने को तैयार नहीं है । उनका कहना है कि चूंकि यह व्यवस्था केवल एक ही राज्य में है इसलिए ऐसा करना संभव नहीं हो सकता । हम इस राय से सहमत नहीं हो सकते । सरकार को चाहिए कि वह अन्य राज्यों में भी ऐसी व्यवस्था करने को प्रोत्साहन दे ।

कृषि उत्पादों के मूल्य इस बात को ध्यान में रखे बिना तय किए जाते हैं कि यह सिंचित भूमि का उत्पादन है अथवा बरानी खेती का । यह उचित बात नहीं है । सरकार दोनों प्रकार के अनाजों के लिए अलग-अलग मूल्य निर्धारित करे ।

डा० सरोजिनी महिषी (धारवाड़ उत्तर) : इस बजट में केन्द्र, राज्यों और राज्य संघ क्षेत्रों के परिव्यय के लिए 27 प्रतिशत धन की व्यवस्था की गई है । ऐसा पहली बार ही नहीं हुआ है । अतीत में भी ऐसा किया गया है । अब तो आवश्यकता इस बात की है कि योजनाओं को लागू करने के लिए उचित तंत्र की स्थापना की जाये । सिंचाई के क्षेत्र में निस्संदेह प्रगति हुई है । किन्तु इसकी गति धीमी रही है । बड़ी छोटी तथा मध्यम सिंचाई योजनाएं अपनी निश्चित अवधि के अन्दर पूरी नहीं हो पायी हैं । इतना ही नहीं परियोजना के पूरा होने और उसके लिए किए गए प्रयत्नों के उपायों में बहुत अन्तर है । सिंचाई विधियों के बारे में कृषि कार्य करने वाले लोगों को अवगत किया जाना चाहिए । हमें कम से कम पानी का उपयोग करके उसका अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयास किया जाना चाहिए ।

राज्य स्तर पर बनाए गए सिचाई अधिनियमों में फसल प्रणाली के सम्बन्ध में उपबन्ध किए गए हैं। फसल प्रणाली लागू करके हम अधिक उत्पादन कर सकते हैं यदि उयह प्रणाली तैयार कर दी जाये और राष्ट्रीय फसल नीति का गठन हो जाये तथा किसी विशेष क्षेत्र को एक विशेष फसल के लिए निश्चित कर दिया जाये तो सम्भव है कि देश में खाद्यान्नों का अधिक उत्पादन हो।

यदि खाद्यान्नों का उत्पादन महंगा होगा तो उनके मूल्य भी अधिक होंगे। देश के कुछ भागों में सिंचाई की दर बहुत अधिक है। यूरिया उर्वरक का मूल्य बढ़कर 28,00 रुपये हो गया है। उर्वरक कारखाना लगाने की लागत भी निरन्तर बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में उर्वरकों का मूल्य कैसे कम हो सकता है। इस पहलू पर विचार करने की आवश्यकता है।

भारतीय कपास निगम अपना कार्य बड़े ढीले ढंग से कर रहा है। ऐसा भी समय था जब रुई का उत्पादन जरूरत से अधिक था और उसका निर्यात करना पड़ा था। किन्तु फिर इसका उत्पादन कम हो गया, फलस्वरूप इसका आयात करना पड़ा। इस समय देश में 400 करोड़ रुपये के संश्लिष्ट रेशे का आयात करना पड़ता है। इससे भारतीय किसान रुई के उत्पादन में रुचि नहीं रखता। कुछ लोगों का हित रेशों के आयात में हो सकता है। भारतीय किसान को अधिक रुई का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

देश में प्राथमिक ऋणदाता समितियां हैं किन्तु वे समय पर ऋण नहीं देतीं। ग्रामीण क्षेत्रों के बैंकों में अधिक रुपया जमा होने लगा है। किन्तु बैंकों से होने वाले लाभ में गिरावट आई है। पहले .8 प्रतिशत लाभ होता था आज यह घटकर .1 प्रतिशत हो गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि बैंकों को कृषि क्षेत्र के बट्टे-खाते डालने पड़ते हैं या औद्योगिक क्षेत्र को। यदि ऐसा कृषि क्षेत्र में होता है तो हमें इसके कारणों का पता लगाना होगा तथा उन परिस्थितियों का पता लगाकर उन्हें दुर करना होगा।

कुछ राज्यों में भूमि सुधार नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में एक स्पष्ट नीति तैयार की जानी चाहिए और उसे कारगर ढंग से लागू करने के लिए ठोस कार्यवाही करनी चाहिए।

Prof. Sher Singh (Rohtak): In our country where more than 72 per cent of the people are engaged in agriculture, agriculture should be treated as a primary industry. Efforts has been made this time to increase the budget allocation for agriculture to 30 per cent of the total expenditure. But it is illusory and very inadequate.

So far as the agricutural development is concerned, there are certain limitations. Our land is limited and water is scarce. With the growth of population, the pressure on land will increase. In view of our limited resources, we have to obtain the maximum and the best utilization of land and water available in the country. Since water is the most vital input for agriculture, special attention has to be paid to the maximum and best utilisation of water for irrigation.

There are about 70 per cent small farmers and they are unable to get the fair price for their produce. It is said that a good deal has been done for the benefit of small and marginal farmers, but it is found that only 7 per cent of the farmers have been benefited. In reality, no benefit has accrued to marginal farmers and agricultural labourers. Therefore, more attention should be given to extending larger facilities to marginal farmers and landless labourers.

There is a good deal of unemployment and under-employment in the rural sector is to be brought about. Schemes for integrated rural development has to be drawn up and implemented effectively. More attention has to be paid to the formulation of action plans for the

[Prof Sher Singh]

development of villages. The scientists of I.C.A.R. have been entrusted with the job of drawing up such plans. But no comprehensive plan has been drawn up so far for the best utilization of natural resources and the man power that is available in the country.

In order to bring about the integrated rural development, new cottage industries should be started and efforts should be made to apply modern technology to them. Measures should be taken to manufacture small agricultural implements. The village industries should be developed and the work of processing should be undertaken in rural areas. The subject of village and cottage industries should be taken away from the Industries Department and it should be placed under the Rural Development Department. This will help in creating larger employment opportunities in the rural sector.

Shri Shri Krishna Singh (Monghyr) : I consider the present budget as an interim budget because it appears that within the old frame work, efforts has been made to fulfil only the earlier commitments, or the schemes that had already been undertaken. Government should formulate such plan in future as will fulfil the needs and aspirations of the rural people. The schemes of the previous Government have brought about larger State control and centralisation, but the new Government should have the objective of decentralisation. The plans should start from the lowest level.

There is an institution known as Central Commission which is nothing less than a white elephant. Its working is very defective and it requires a complete overhauling. Many important functions had been assigned to them but one will be highly disappointed to see their performance and achievement. It is, therefore, suggested that Committee consisting of technocrats and members of Parliament should be set up to examine the progress made so far in the implementation of various river projects. Similarly the flood Control Commission has also failed to deliver the goods. It is most painful to learn that they have done nothing to prevent the soil erosion in North Bihar. The Soil Conservation Department has also done nothing.

There are several rivers in South Bihar, and they can be utilised for creation of hydro-electricity.

There are vast tracts of fallow land in the country. A land army can be set up and assigned the jobs of developing these tracts of fallow land. It will create employment opportunities for the unemployed rural youths.

Nothing has been done to bring about proper distribution of land. An enquiry committee should be set up to evaluate the progress made so far in this regard.

Provision should be made for giving more credit facilities to farmers. Efforts should be made to manufacture such power tillers as can be used by small and marginal farmers.

Schemes should be drawn up to start lift irrigation from the rivers flowing in Bihar. It is astonishing that in South Bihar only 13 per cent of the land is under irrigation. No schemes have been drawn up so far to utilise underground water.

There are also large drought prone areas in Bihar. If master plan should be drawn up and should be implemented immediately to provide relief to the people of those areas, because the men and animals in these areas still starve for drinking water.

श्री अण्णा साहिब गोटखिंडे (सांगली) : समूचे भारत के 25 प्रतिशत औसत की तुलना में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में केवल 9 प्रतिशत भूमि की सिंचाई होती है । इन दोनों राज्यों को अधिक वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए ।

आन्ध्र प्रदेश की नागार्जुन सागर पोनमपढ़ और गोदावरी नदी परियोजना आदि तीन परियोजनाओं को विश्व बैंक से सहायता मिली है सरकार महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की परियोजनाओं को भी उसी तरह विश्व बैंक से सहायता दिलाए ।

अनुदान देते समय परियोजनावार विचार करने के बजाय और पर्याप्त वित्तीय सहायता दी जाये । दक्षिण महाराष्ट्र की परियोजनाओं को ब्लाक अनुदान बड़ी मात्रा में दिया जाना चाहिए ।

कृष्णा जल न्यायाधिकरण के निर्णय के अनुसार कोयाना पन बिजली परियोजना के पश्चिमी मोड़ की नहर में 30 टी० एम० सी० की कमी की जा रही है । इस जल का उपयोग सांगली के सूखे क्षेत्र में करने पर विचार किया जाये ।

सूखा ग्रस्त क्षेत्रों के किसानों पर बकाया राशि की समस्या गंभीर रूप धारण करती जा रही है । इस सम्बन्ध में इन लोगों के साथ सहानुभूति बरती जाये और उन्हें कुछ राहत दी जाये । उन्हें ऋण के भार से मुक्त करने के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जायें ।

यदि सरकार और राज्य सरकारें महंगाई भत्ते और समयोपरि भत्ते के रूप में अपने कर्मचारियों को करोड़ों रुपया दे रही है तो फिर सरकार को चाहिए कि वह इन सहकारी संस्थाओं तथा बैंकों आदि से ऋण लेने वाले किसानों की कुछ मदद करने से न कतराये । क्योंकि इन लोगों को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है जिसके फलस्वरूप वे इस राशि का भुगतान नहीं कर पाते । यह ऋण बट्टे-खाते में डाल दिया जाना चाहिए ।

सूखा ग्रस्त क्षेत्र के लोगों की किसी भी तरह मदद नहीं की जा रही है । सरकार को इस दिशा में कारगर कदम उठाने चाहिए और यह कार्यक्रम 1977–78 के दौरान भी चलाया जाना चाहिए ।

महाराष्ट्र के औरंगाबाद, बीर उस्मानाबाद आदि तीन जिले सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित नहीं किए गए हैं । मेरा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि उन्हें इस योजना के लाभ से वंचित न किया जाये । प्राय: हमने देखा है कि जब कभी कृषि मूल्य आयोग की सिफारिशों की घोषणा की गई है तो सरकार ने कभी कभी उत्पादकों के हितों का ध्यान नहीं रखा है । सरकार के ऐसे निर्णय हमेशा ही उत्पादकों के हितों के विरुद्ध हुए हैं । कृषि उत्पादों का मूल्य निर्धारित करते समय उत्पादकों के हित का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ।

Shri Ambika Prasad Pandey (Banda) : The future of our country depends on the agriculture and the development of rural areas. Because our 75 per cent population is living in villages and all of them are depended on agriculture. They earn their livilihood by tilling their lands. In order to develop our nation we will have to solve our food problem and we should try to be self-reliance.

Although this time more allocation has been earmarked for agriculture, but we have to see that the schemes and programmes are properly implemented. I hope the present Government will not ignore the development of our agriculture as the previous Government did during their rule of 3o years. Irrigation is most essential for the development of agriculture. If we want to be self-sufficient in agriculture we will have to provide full irrigation facilities to the farmer. I hope now we will not be fed on slogans only.

Agriculture in itself is a very big industry. In fact 50 per cent of our industries depend on agriculture. Therefore, agriculture must be accorded high priority in respect of supply of power.

Next to power, dams are very necessary. Floods are a recurring menace. A national floods control scheme must be prepared to save the people from this annual scourge.

[Shri Ambika Prasad Pandey]

Efforts should be made to solve inter-state river disputes so that more water and power can be made available to the concerned States. All inter-State rivers should be considered national property and should be harnessed in the interest of the nation as a whole.

I come from Banda district. This distict is rich in natural resources and mineral deposits. But we have yet to exploit those resources. Since a large part of that district is a drought-prone area, I will request the hon'ble Minister to provide more tube-wells and to increase irrigation potential. Necessary power to energise these wells might not be available, therefore, they must be given generating sets also. Schemes to provide lift irrigation in that area be provided.

A comprehensive programme covering all aspects of agricultural economy should be prepared for coordinated development of that area.

We should fix remunerative prices for our agricultural commodities. We should make arrangements to supply inputs required by the farmers at a cheaper rate.

In Uttar Pradesh, power charges are levied according to installed capacity. This is not fair. Charges should be levied according to the power consumed by the agriculturist.

Working of F.C.I. needs improvement. Warehousing facilities are also inadequate. Bags of food grain continue to lie in the open and they get damaged. We should pay attention towards this aspect to avoid wastage.

With these words I support the Budget Demands of this Ministry.

***श्री ए० अशोकराज** (पेरम्बलूर) : इस वर्ष के बजट में कृषि के लिए बहुत कम राशि रख जाने से मुझे अप्रसन्नता हुई है । यह सभी जानते हैं कि हमारी 70 प्रतिशत जनता कृषि पर निर्भर करती है और हमारी राष्ट्रीय आय में कृषि का योगदान 47 प्रतिशत है फिर भी इस बजट में केवल 30 प्रतिशत राशि कृषि के लिए रखी गई है । मैं चाहता हूं कि कम से कम 50 प्रतिशत राशि कृषि के लिए रखी जाये ।

गत तीन दशकों में देश के 5,80,000 गांवों में से केवल 1.75 लाख गांवों में पेय जल की व्यवस्था है । यदि गति ऐसी ही रही तो सारे गांवों में पेय जल की व्यवस्था के लिए छ: दशाब्दियां लग जायेंगी । इस दिशा में तत्काल कार्यवाही की जानी चाहिये ।

जिन किसानों के पास आधा एकड़ या उससे कम भूमि है उन्हें विवाह, शिक्षा, चिकित्सा आदि के लिए ऋण की जरूरत पड़ती रहती है । महाजनी की समाप्ति के बाद उसके पास कोई वैकल्पिक साधन नहीं रह गया है । केन्द्रीय सरकार को तत्काल वित्तीय सहायता का प्रबन्ध करना चाहिये । ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक बैंकों की अधिक शाखाएँ खोली जानी चाहियें । हमारी कृषि ऋण समितियां सभी किसानों को ऋण सुविधाएँ देने में बिल्कुल असमर्थ हैं ।

अभी तक फसल बीमा योजना नहीं बन सकी है । सरकार को किसानों के लाभ हेतु फसल बीमा, पशु बीमा आदि के लिए वैधानिक प्रस्ताव तैयार करने चाहियें ।

---

*तमिल में दिये गये मूल भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर ।
Summarised translation based on English version of the Speech delivedred in Tamil.

750 बड़ी और मझौली सिंचाई योजनाएं चालू की जाटी थी । उनमें से केवल 450 ही पूरी हुई हैं और कार्य कर रही हैं । शेष 300 को पता नहीं कब पूरी हों ? खेद है कि पंचवर्षीय योजनाएं लागू करने के बावजूद भी हम अपने देश में केवल 46 प्रतिशत जल का ही उपयोग कर पाये हैं । कृषि उत्पादन को बढ़ाने हेतु शेष 54 प्रतिशत जल को भी उपयोग में लाना चाहिये ।

प्रतिवर्ष बाढ़ से हमें बहुत हानि होती है । उन्हें रोकने का उपाय किया जाये । इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत अनाज चूहे चाट जाते हैं । भूमिगत जल संसाधनों के उपयोग से हम 3 करोड़ 50 लाख हेक्टेयर भूमि पर कृषि सुविधायें उपलब्ध करा सकते हैं । भूमिगत जल संसाधनों की खोज युद्धस्तर पर की जानी चाहिये ।

हमारे पास केवल 56 लाख टन खाद्यान्न के भंडार की व्यवस्था है लेकिन हमारे सुरक्षित भंडार में 1,80,00,000 टन खाद्यान्न है । सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि कहीं भंडारण के अभाव में अनाज कीड़ों तथा अन्य प्राकृतिक कारणों से खराब न हो जायें ।

किसानों को दिया जाने वाला वसूली मूल्य लाभप्रद नहीं है । गेहूं का वसूली मूल्य चावल की तुलना में बहुत ऊंचा है । यह बहुत दुःख की बात है कि जहां एक ओर गेहूं को 25 रु० प्रति क्विंटल की राजसहायता दी जा रही है वहां दूसरी ओर चावल को केवल 1.50 रु० की राज सहायता दी जाती है । गेहूं खाने वालों और चावल खाने वालों में कोई भेद-भाव नहीं किया जाना चाहिये ।

आज भी खेतिहर मजदूरों को न्यूमतम मजूरी प्राप्त नहीं हो रही । सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि खेतिहर मजदूरों को कम से कम उतनी मजदूरी तो अवश्य मिले जिसकी कानून में व्यवस्था की गई है । कृषि के लिए उपयोग में लाई जाने वाली बिजली की दर बहुत अधिक है । कृषि उत्पादन बढ़ाने की दृष्टि से इसमें समुचित कमी की जानी चाहिए ।

भूमि की अधिकतम सीमा सम्बन्धी कानूनों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पड़ी भूमि को भूमिहीनों में अविलम्ब बांट दिया जाना चाहिये ।

प्रति वर्ष 10 लाख पेड़ ईंधन के लिए काटे जाते हैं । यदि इसी रफ्तार से पेड़ काटे जाते रहे तो देश 10 वर्षों के भीतर ही बन्जर बन जायेगा । लोगों की ईंधन सम्बन्धी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए सरकार को समय-बद्ध कार्यक्रम अपनाना चाहिये । इसके लिए कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिये ।

पेराम्बलूर में कोली मलाई का जल प्रपात है जिसके जल का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा सकता है । पूली अमचोली में बांध बनाने से वहां के लोगों को लाभ होगा । पच्छीमलाई के जल प्रपात का प्रयोग भी, बांध बना कर, कृषि के लिए किया जा सकता है ।

[श्री ए० अशोक राज]

ेराम्बलूर में गत 4 वर्षों से निरन्तर सूखा पड़ रहा है। इस संकट को दूर करने के लिए नलकूप बनाने का वृहद कार्यक्रम शुरु किया जाना चाहिये। गंगा के जल को कावेरी के जल के साथ मिलाने की वृहद योजना को हाथ में लेने से पहले तलिमलनाडु की सात नदियों को आपस में जोड़ने की अत्यधिक आवश्यकता है इसके द्वारा देश खाद्यान्नों के मामले में ात्म-निर्भर बनेगा और आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

मेरा पुन: आग्रह है कि केन्द्रीय सरकार हमारे राज्य को भरपूर वित्तीय सहायता ादान करे ताकि मेरे निर्वाचन क्षेत्र पेराम्बलूर को विनाश से बचाया जा सके।

Shri Sukhdev Prasad Verma (Chatra) : Sir, at the outset I support the Demands of Ministry of Agriculture. Agriculture is the basic thing because you cannot wipe out poverty if our agriculture remains undeveloped. So our economy mainly depends upon agriculture. Our farmers can be classified into four categories, namely, big farmers, medium farmers, small and marginal farmers. The number in the last two categories is the biggest. They are very poor people and cannot invest money in their lands.

Thirty years have elapsed since we became independent but we could not increase the irrigation potential to the desired level. With this speed, we cannot develop our agriculture. It is a matter of regret that uptil now we have done very little for these small farmers. Even now they use the old and traditional methods of agriculture. They cannot afford to purchase machinery. Therefore, the Government should take steps to improve the lot of these people.

The Janata Government has given higher priority to the agriculture and has increased the allocation therefor. But the prices of all commodities have also shot up considerably. Therefore, considering this increase, the increase in the allocation will make little or no impact.

A time-bound programme should be prepared to increase irrigation facilities and to increase production of foodgrains. This will improve the lot of farmers. Government should see that such a programme is implemented as quickly as possible. Only then, our economy will improve and our country will become self-sufficient.

Our agriculturists need money to invest in land. No doubt there are cooperative banks to extend credit to them, but most of these cooperative banks have become family institutions especially in Bihar. Steps should be taken to free those cooperative and banking institutions from the clutches of a few rich farmers and easy credit should be made available to the poor and marginal farmers.

My constituency comprises of Palam, Hazaribagh and Gaya. It is hilly as well as drought prone area. The State Government had submitted a number of schemes to provide water and irrigation there. But all these are pending with the Centre for the last many years. The Government should see that these are sanctioned and implemented expeditiously.

Minor irrigation schemes can be of much use in that area. But the State Government does not have diamond rigs. The Government of India should provide these rigs.

Some parts of my constituency are most backward. The people do not get ever coarse grain continuously for three months. Some schemes should be formulated for the benefit of these people.

श्री अमर राय प्रधान (कूच-बिहार) : यह सच है कि इस वर्ष के बजट में कृषि के लिए अधिक प्रावधान किया गया है। परन्तु हमारा अनुभव यह रहा है कि बजट में दिए गए कार्यक्रम केवल कागजी कार्यक्रम ही बनकर रह जाते है। यदि सरकार इन कार्यक्रमों को लागू करती है, केवल तभी देश को लाभ हो सकता है। हमारी कृषि अर्थ-व्यवस्था बुरी तरह से असफल रही है। इसका कारण यह है कि हमारी सरकार जमींदारी का उन्मूलन

नहीं कर सकी है और भूमि सुधार के मूल सिद्धांतों को कार्यान्वित नहीं कर सकी है। उन कुछेक लोगों के कब्जे में अतिरिक्त और बेनामी भूमि है जिनको सरकार का संरक्षण प्राप्त है। 1954 में महालनोबिस समिति के प्रतिवेदन में यह बताया गया था कि लगभग 6 करोड़ एकड़ भूमि फालतू है। लेकिन अब सरकार कहती है कि केवल 15 लाख हैक्टेयर भूमि है, जिसमें से 4.8 लाख हैक्टेयर भूमि वितरित कर दी गई है। यद्यपि बटाई की खेती करने वालों और बरगादारों के अधिकार की रक्षा के लिए अधिकांश राज्यों ने भूमि सुधार अधिनियम बनाये हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि उन्हें बेदखल किया जा रहा है। खेतीहर मजदूरों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। 10 वर्ष की अवधि में उनकी संख्या दुगनी हो गई है। दूसरी ओर उन लोगों की संख्या, जो अपनी भूमि स्वयं जोतते हैं, घटती जा रही है। किसानों को अपनी जमीन से बेदखल किया जा रहा है। छोटे और सीमान्त किसानों एवं बटाईदारों का धीरे-धीरे बहिष्कार किया जा रहा है।

एक और बात यह है कि किसानों को उनके उत्पादन का उचित और लाभप्रद मूल्य नहीं मिल रहा है। यह सच है कि गत कुछ वर्षों में कृषि उपकरणों का मूल्य काफी बढ़ गया है। यह भी सच है कि कच्चे पटसन, तम्बाकू धान और गेहूं के मूल्य उपभोक्ता सामान के मूल्यों के अनुरूप नहीं है। सीमान्त किसान कृषि मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम लागू नहीं कर पाते हैं। कच्चे पटसन का समर्थन मूल्य 136 रुपए प्रति क्विंटल था जो बढ़ाकर 141 रुपए कर दिया गया है। जबकि इसके उत्पादन की न्यूनतम लगत 293.75 रुपए प्रति क्विंटल बैठती है। अतः उत्पादक को 310 रुपए प्रति वर्ष हानि हो रही है। कृषि अर्थ-व्यवस्था का यही दुर्भाग्य है और यहां सरकार ग्रामीण विकास में असफल रही है। अतः मेरा सुझाव है कि समूचे भारत में तेजी से आमूल सुधार किए जायें। बटाईदारों और भूमिहीन मजदूरों को फालतू और बेनामी भूमि वितरित की जाये।

पटसन, तम्बाकू, धान और गेहूं की खेती करने वालों को उचित और लाभप्रद मूल्य दिये जाने चाहिएं। सूखे, बाढ़ और अतिवृष्टि जैसी दैवी विपत्तियों से किसानों की अर्थव्यवस्था सुरक्षित करने के लिए फसल बीमा योजना लागू की जानी चाहिए।

छोटे और सीमान्त किसानों तथा बटाईदारों को पर्याप्त वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। खेतीहर मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी देने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिएं।

***श्री एन० कुदन्तई रामलिंगम** (मयूरम) : जनता सरकार ने देश के कृषकों की स्थिति के सम्बन्ध में जो दिलचस्पी दिखाई है वह सराहनीय है लेकिन दिलचस्पी दिखाने अथवा चिन्ता करने से कुछ नहीं होगा इस सम्बन्ध में ठोस कार्यवाही की जानी चाहिए। मंत्री महोदय को करनी और कथनी का अन्तर समझना चाहिए तथा जनता सरकार द्वारा घोषित

---

*तमिल में दिए गए भाषण के अंग्रेजी अनुवाद का संक्षिप्त हिन्दी रूपान्तर।

*Summarised Hindi translation of the English version based on the speech delivered in Tamil.

[श्री एन० कुदन्तई रामलिंगम]

की गई सभी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। जनता पार्टी के सदस्यों की करनी और कथनी का अन्तर बढ़ता जा रहा है।

तमिलनाडु में अधिकांश छोटे किसान और भूमिहीन खेतीहर मजदूर कृषि कार्य करते हैं। तंजोर के हरे भरे चरागाह कावेरी डेल्टा के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु के 5 करोड़ लोग तंजौर जिले की उदारता पर जीवित हैं। कावेरी जल के अभाव में यह स्थान मरुस्थल बन जायेगा अतः उत्तर में गंगा को दक्षिण में कावेरी के साथ जोड़ने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है। लेकिन केन्द्र सरकार को अपने पद का सदुपयोग करते हुए कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु में कावेरी डेल्टा के लिए समुचित जल सप्लाई करने के लिए कहा जाना चाहिए। तमिलनाडु को कावेरी नदी का समुचित जल प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार को कर्नाटक सरकार से अनुरोध करना चाहिए अथवा इसे अनिवार्य बनाना चाहिये।

गत वर्ष कर्नाटक सरकार ने तमिलनाडु को समुचित जल की सप्लाई नहीं की। भविष्य में ऐसी बातों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। तमिलनाडु के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार को अवश्य इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए।

सरकार ने छोटे किसानों के साथ न्याय नहीं किया है। गेहूं और धान के वसूली मूल्यों में बहुत अन्तर है। गेहूं को 25 रुपए प्रति क्विंटल की राजसहायता दी जा रही है। जबकि धान को केवल 1.50 रुपए की राज सहायता दी जा रही है। गेहूं खाने वालों और चावल खाने वालों में यह भेदभाव क्यों है?

